राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को दिये गए निदेशों के कार्यान्वयन के अनुश्रवण हेतु राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किये

पटना, 25 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल–सह कुलाधिपति श्री लाल जी टंडन ने राज्यपाल सचिवालय द्वारा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को दिये गये प्रमुख निदेशों के कार्यान्वयन के अनुश्रवण के लिए राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों को विशेष रूप से दायित्व प्रदान किया है। ये अधिकारी निर्धारित अपने दायित्वों के अनुरूप विश्वविद्यालयों द्वारा आदेशों के अनुपालन की स्थिति की विहित–प्रपत्र में साप्ताहिक समीक्षा करते हुए प्रधान सचिव को वस्तुस्थिति से निरन्तर अवगत कराते रहेंगे। महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने कुलाधिपति कार्यालय द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन के प्रति विश्वविद्यालयों को तत्पर, सजग और सचेष्ट बनाने तथा आवश्यक समन्वय बनाये रखने हेतु उक्त अनुशीलन और अनुश्रवण व्यवस्था विकसित करने का आदेश दिया है।

राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह ने महामहिम राज्यपाल के निदेशानुरूप राज्यपाल सचिवालय के विभिन्न अधिकारियों को अनुश्रवण कार्य आबंटित कर दिया है।

निर्गत परिपत्र के अनुसार, संयुक्त सचिव श्री विजय कुमार (University Management Information System-UMIS) की कार्यान्वयन–स्थिति का अनुश्रवण करने के साथ–साथ बायोमैट्रिक हाजिरी का विश्लेषण एवं परीक्षा–कैलेण्डर के अनुपालन की स्थिति की भी मोनिटरिंग करेंगे। विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार H.Ed. Post/B.Ed. Post, 'SWAYAM' एवं अन्य डिजीटल पहलों तथा गेस्ट फेकेल्टी की नियुक्ति के कार्य का अनुश्रवण करेंगे, जबकि विशेष कार्य पदाधिकारी श्री अहमद महमूद 'उच्च शिक्षा के विकास की रूपरेखा' तैयार करने एवं 'नैक प्रत्ययन' की प्रगति के कार्य पर अपनी नजर रखेंगे। विश्वविद्यालय निरीक्षक श्री भैरव नाथ सिंह यू॰जी॰सी॰ एवं ICSSR के संसाधनों के उपयोग तथा शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आबंटनों की व्यय–स्थिति की परख करेंगे।

प्रशाखा पदाधिकारी श्री आर॰ए॰ रिजवी कॉलेजों के निरीक्षण तथा उसके फॉलो–अप पर ध्यान देंगे, जबकि प्रशाखा पदाधिकारी श्री शाहिद अतहर राज्यपाल सचिवालय की तरफ से 'हर परिसर हरा परिसर' के तहत वृक्षारोपण, गाँवों को विकास की दृष्टि से गोद लिये जाने, 'खेलो इडिया' कार्यक्रम, 'पेंशन अदालतों के आयोजन एवं 'एकलव्य' और 'तरंग' के आयोजन हेतु कैलेण्डर–तैयारी के कार्य पर अपनी नजर रखेंगे एवं साप्ताहिक रूप से वरीय अधिकारियों को प्रतिवेदित करेंगे।

एन॰आई॰सी॰, राजभवन के तकनीकी निदेशक श्री विजय कुमार विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण में सभी संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त सहयोग करते हुए 'इनपुट्स' उपलब्ध करायेंगे।

....